भारत सरकार
गृह मंत्रालय
बिहार के जनगणना निदेशक का कार्यालय
इकेबाना चैम्बर्स, तालपत्रा लेन, आदित्य कम्पाउण्ड,अशोक सिनेमा के निकट, बुद्धमार्ग, पटना – 800 001
दूरभाषः 0612–2224967 / दूरभाष एवं फैक्सः 0612–2212055 / ई–मेलः dco-bih.rgi@censusindia.gov.in

भारत की जनगणना CENSUS OF INDIA 2011

पत्रांक डी0 29015 / 1 / 2010–(पी.टी.जी.)–पार्ट– दिनांक–

## निविदा आमंत्रित

जनगणना 2011 के अंतरिम आँकड़े पर आधारित एक पुस्तिका (रंगीन) (200 पृष्ठ का) हिन्दी में 1000 प्रतियाँ एवं अंग्रेजी में 500 प्रतियाँ A/4 साईज में छपाई करायी जानी है। जिसमें कागज सहित / कागज रहित मुद्रण एवं वाईडिंग के साथ आपूर्ति करने हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 01.04.2011 के अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | विवरणी | अदद |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01. | पुस्तिका का मुद्रण एवं वाईडिंग (200 पृष्ठ का), रंगीन | Inside page:Royal Art paper (MATT)-100gsm<br>Cover page: Royal Art paper (MATT)-300gsm<br>Finish size of the Publication:210mmx297mm<br>Full sheet size:635mmx914.4mm(25inch/36 inch) | 1000 प्रतियाँ हिन्दी में। 500 प्रतियाँ अंग्रेजी में। |
| 02. | डाटा शीट जनसंख्या (औपबंधिक), रंगीन | A/2 साईज, एक पेज का। | प्रत्येक की 1000 प्रतियाँ हिन्दी में 500 प्रतियाँ अंग्रेजी में। संख्या में वृद्धि या कमी हो स्कती है। |
| 03. | फ्लायर–1 जनसंख्या, रंगीन | A/4 साईज, चार पेज का होगा। | |
| 04. | फ्लायर–2 लिंग अनुपात, रंगीन | A/4 साईज, चार पेज का होगा। | |
| 05. | फ्लायर–3 शिक्षा, रंगीन | A/4 साईज, चार पेज का होगा। | |

1. यह कार्य समयबद्ध एवं आकस्मिक प्रकृति का है।

2. चुने गये मुद्रक को Latest version of Adobe Design suit and MS-Excel-2007 का प्रयोग करना होगा।

3. मुद्रक को पुस्तक की तैयारी के उपरांत जनगणना निदेशालय, बिहार, पटना का कार्यालय (बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राजपथ पटना–4) को अपने खर्च पर आपूर्ति करना होगा।

4. सफल मुद्रक को 3 दिनों के अन्दर तैयार पुस्तक की आपूर्ति करना होगा। आपूर्ति के पश्चात् क्रेता की संतुष्टि के उपरांत प्राप्त बिल का भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

5. निविदादाता का वार्षिक Turn over कम से कम 20 (बीस) लाख रुपये का होना चाहिए तथा गत तीन वर्षों आयकर रिर्टन एवं पैन कार्ड की छायाप्रति निविदा पत्र में संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

6. निविदादाता द्वारा पूर्व के तीन वर्षों में केन्द्रीय सरकार / बिहार सरकार के कार्यालयों / सरकारी / अर्द्ध सरकारी प्रतिष्ठानों आदि में किये गये इस तरह के कार्य संबंधी प्रमाण पत्र की प्रति निविदा पत्र में संलग्न किया जाना है।

7. निविदादाता सक्षम ऑथोरिटी द्वारा रजिस्टर्ड होना चाहिए। संबंधित दस्तावेज की छाया प्रति निविदा पत्र में संलग्न होना चाहिए।

8. निविदादाता को EMD के रूप में निविदत्त दर के अनुसार कुल संबंधित राशि का 2% का बैंक ड्राफ्ट सांख्यिकीय अन्वेषक ग्रेड–I , जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार, पटना भुगतेय भारतीय स्टेट बैंक, बोरिंग रोड, शाखा पटना 800001. के पक्ष में निविदा के साथ जमा करना होगा। निविदा की स्वीकृति के उपरांत सफल निविदादाता को छोड़कर अन्य असफल निविदाकर्ताओं का अग्रधन वापस कर दिया जायेगा। सफल निविदादाता को कार्य सम्पन्न होने के उपरांत अग्रधन वापस कर दिया जायेगा। बिना EMD राशि का ड्राफ्ट संलग्न किए बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

9. निविदा पत्र दिनांक 01.04.2011 के अपराह्न 3:00 बजे तक जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार पटना (बिहार राज्य सहकारिता बैंक भवन, अशोक राजपथ, पटना–4) को प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित तिथि/समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा उक्त तिथि को 4:00 बजे अपराह्न में अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर सकते है।

10. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

11. निविदा प्रस्तुत करने की निर्धारित तिथि के पूर्व निदेशालय को निविदा के किसी भी शर्त को परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित है, जिसकी सूचना आवश्यकतानुसार संबंधित फर्म को भी उपलब्ध करा दी जायेगी।

12. निविदादाता को अपने हस्ताक्षर से यह प्रमाणित करना होगा कि उनका फर्म वर्तमान में इस कार्यालय द्वारा/केन्द्र सरकार /राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम द्वारा Black listed नहीं किया गया है।

13. निविदादाता को स्वअभिप्रमाणित अद्यतन बिक्री कर/वैट क्लीयरेंस/आयकर क्लीयरेंस का प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करना होगा।

14. जो निविदादाता तकनीकी शर्तों को पूरा करेंगे उन्हीं निविदाताओं द्वारा प्रस्तुत दर को निविदा हेतु पात्र माना जायेगा। अतः दर संबंधी निविदा संलग्न प्रपत्र में भरकर अलग लिफाफा में मुहरबंद कर निविदा के साथ संलग्न करें एवं उक्त लिफाफा पर **" पुस्तिका मुद्रण हेतु वित्तीय निविदा"** अंकित कर दें।

15. निविदादाताओं को निविदा पत्र प्रस्तुत करने के समय लिफाफा के उपर मोटे–मोटे अक्षर में **पुस्तिका मुद्रण से संबंधी निविदा"** लिखा जाना अनिवार्य है। वित्तीय निविदा संबंधी लिफाफा भी इसी लिफाफा के अन्दर अलग से संलग्न होना चाहिए।

16. आयकर की नियमानुसार कटौती की जायेगी।

17. निविदा पूर्णतः या अंशतः रद्द करने का अधिकार निदेशालय को सुरक्षित है।

ह0/–

**(रमेश प्रसाद)**
**सहायक निदेशक(का0अ0)**

**पत्रांक डी0 29015/1/2010–(पी.टी.जी.)–पार्ट–** 702 **पटना, दिनांक–** 28.3.2011
**प्रतिलिपिः–**

01. पटना ऑफसेट, धरहरा कोठी, नयाटोला, पटना।
02. मानी प्रिंटर्स, बबुआगंज, गुलजारबाग, पटना–7।
03. सुपर ऑफसेट प्रिंटर्स एण्ड स्टेशनर्स, नया टोला, पटना।
04. एच0एल0 प्रिंटर्स, गोविंद मित्रा रोड, पटना–4।
05. भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय के साईट पर।
06. नोटिश बोर्ड, जनगणना कार्य निदेशालय बिहार (मुख्यालय) पटना।

28.3.2011

**(रमेश प्रसाद)**
**सहायक निदेशक(का0अ0)**

अनुसूची–I

# वितीय बीड (FINANCIAL BID)

निविदा सूचना नं0 पत्रांक डी0 29015/1/2010–(पी.टी.जी.)–पार्ट– 702 पटना, दिनांक– 28.03.2011

| क्रम सं0 | कार्य का विवरण (रंगीन में) | कागज सहित मुद्रण एवं बाईडिंग का प्रति यूनिट दर सभी व्यय शामिल करते हुए (रुपये में) | कागज रहित मुद्रण एवं बाईडिंग का प्रति यूनिट दर सभी व्यय शामिल करते हुए (रुपये में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01. | पुस्तिका का मुद्रण एवं बाइडिंग (200 पृष्ठों का) | | | |
| 02. | डाटा शीट जनसंख्या (औपबंधिक) | | | |
| 03. | फ्लायर–1 जनसंख्या | | | |
| 04. | फ्लायर–2 लिंग अनुपात | | | |
| 05. | फ्लायर–3 शिक्षा | | | |

हस्ताक्षर.................................................

नाम..........................................................

फर्म का नाम................................................

पता..........................................................

टेलीफोन/मोबाईल नं0..............................

स्टाम्प......................................................